जायसवाल किराना स्टोर का संचालक चुपके से दे रहा था सामान, निगम की टीम ने लिया जुर्माना

भिलाईनगर / कोरोना लाॅकडाउन में नियमों की अवहेलना करने वालों पर निगम की मोबाइल टीम सख्त कार्यवाही कर रही है। निगम क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर चोरी , चुपके सामान बेचने तथा फल , सब्जी वाले जो भीड़ इकटठा कर रहे है उन पर भी नजर रखी जा रही है। आज नेहरू नगर के जायसवाल किराना स्टोर के संचालक द्वारा चोरी , चुपके सामान देने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और दुकानदार से 2000 हजार रूपए अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही किए। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा लाॅकडाउन लगाया गया है , जिसका सार्थक परिणाम भी धीरे-धीरे नजर आने लगा है। आज नेहरू नगर के जायसवाल किराना दुकान द्वारा सामान देने की सूचना मिली जिस पर कार्रवाई की गई! कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के आवश्यक है कि लाॅकडाउन के नियमों सख्ती से पालन करके घर पर ही सुरक्षित रहकर शासन , प्रशासन की मदद की जाए। निगम प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रहे है कि लोग अपने घरों पर ही सुरक्षित रहे बेवजह बाहर निकलने से स्वंय व परिवार के लोगों को संक्रमित होने का जोखिम न उठाएं। लाॅकडाउन में सब कुछ बंद होने के बाद भी कई लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। निगम की मोबाइल टीम निरंतर सघन निरीक्षण कर शहर पर नजर रख रही है! नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ निगम प्रशासन ने कार्रवाई की है! जिसमें से आज 14 लोगों से 4950 रूपए जुर्माना वसूला गया। सुरेन्द्र प्रजापति से 200 रूपए, आनंद कुमार 200 रूपए, शिवप्रसाद से 200 रूपए, शिवकुमार से 200 रूपए, इन्द्रमन से 200 रूपए, नन्दू से 200 रूपए, मुरली से 500 रूपए, प्रमोद साव से 200 रूपए, श्याम सोनकर 200 रूपए, दिनेश से 200 रूपए, सत्यम सोनी से 200 रूपए, मोनू कुमार से 200 रूपए एवं जायसवाल किराना से 2000 हजार रूपए सहित 14 लोगों से 4950 रूपए जुर्माना लिया गया और लाॅकडाउन के नियमों का दोबारा उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने हिदायत दी गई।